The Dudley Group
NHS Foundation Trust

**Information for patients after an epidural or spinal anaesthetic**

# दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में (एपिड्यूरल) या रीढ़ में (स्पाइनल) सुन्न करने वाली दवा के बाद रोगियों के लिए सूचना

## सर्जरी और सुन्न करने वाली दवाएं

### रोगी सूचना पत्रिका

**दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में (एपिड्यूरल) या रीढ़ में (स्पाइनल) सुन्न करने वाली दवा के बाद रोगियों के लिए सूचना**

प्रसव और/या बच्चे को जन्म देने के दौरान आपके दर्द को नियंत्रित करने के लिए शायद दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में या रीढ़ में सुन्न करने वाली दवा का प्रयोग किया गया होगा। ये भिन्न लेकिन मिलती-जुलती तकनीकें हैं।

दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में - इस तकनीक में, आपकी पीठ में पतली प्लास्टिक ट्यूब डाली जाती है जिसके माध्यम से दर्द से राहत पहुँचाने वाली दवाएं दी जाती हैं।

रीढ़ में सुन्न करने की दवा - यदि आपका सिज़ेरियन सेक्शन हुआ था या ऑपरेटिंग थिएटर में आप पर कोई प्रक्रियाएं की गई थीं, तो आपको शायद रीढ़ को सुन्न करने वाली दवा दी गई होगी (शरीर के निचले आधे भाग को सुन्न करने के लिए पीठ में लगाया जाने वाला इंजेक्शन)।

दोनों तकनीकों की मिलती-जुलती जटिलताएं होती हैं। दृढ़तानिका के ऊपर के भाग डाली गई ट्यूब या रीढ़ में लगाए गए इंजेक्शन के बाद जटिलताएं दुर्लभ लेकिन महत्वपूर्ण हैं। अस्पताल में दाइयाँ और सुन्न करने वाले डॉक्टर अस्पताल से छुट्टी दिए जाने तक आपकी निगरानी करना जारी रखेंगे।

यह सूचना आपके घर पहुँच जाने के बाद होने वाली किन्हीं जटिलताओं की पहचान करने में आपकी सहायता के लिए है।

# सिर दर्द

दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में ट्यूब डाले जाने/रीढ़ में इंजेक्शन लगाए जाने पर या इसके बिना सर्जरी और बच्चे के जन्म के बाद मामूली सिर दर्द होना आम बात है।

आपकी पीठ पर दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में ट्यूब डाले गए/रीढ़ में इंजेक्शन लगाए गए स्थान के आसपास लालिमा, सूजन या मवाद

बुखार

गर्दन में ऐंठन

आपकी टाँगों में अहसास और/या शक्ति में परिवर्तन

दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में ट्यूब डालने/रीढ़ में इंजेक्शन लगाने के स्थान के आसपास मध्यम से लेकर तीव्र तक नया आरंभ हुआ दर्द

मूत्रत्याग करने में कठिनाई या मल या मूत्र त्यागने में नियंत्रण का अभाव

दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में डाली गई ट्यूब/रीढ़ में इंजेक्शन से उत्पन्न इन गंभीर जटिलताओं का तुरंत उपचार किए जाने की आवश्यकता होती है इसलिए यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है, तो आपको तुरंत डॉक्टरी सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

सबसे नज़दीक के दुर्घटना और आपातकालीन विभाग में जाएं

रसेल्स हॉल अस्पताल को टेलीफोन करें (01384 456111) और प्रसूति संबंधी सुन्न करने के डॉक्टर (Obstetric Anaesthetist) से बात कराने के लिए कहें।

यह बताएं कि आपको हाल में दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में ट्यूब डाली गई ती/रीढ़ में इंजेक्शन लगाया गया था और यह सूचना अपने साथ लाएं।

कभी-कभी दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में ट्यूब डाले जाने/रीढ़ में इंजेक्शन लगाए जाने के बाद तेज़ सिर दर्द होता है। यह विशेष रूप से दृढ़तानिका के ऊपर के भाग या रीढ़ में सुन्न करने वाली दवा लेने के एक दिन से लेकर एक सप्ताह के बीच होता है। यह आम तौर पर तीव्र सिर दर्द होता है जो आपके सिर के सामने या पीछे के हिस्से में महसूस किया जाता है, जिससे लेटने पर राहत मिलती है और बैठने या खड़े होने पर यह बढ़ जाता है। सिर दर्द के साथ आपको गर्दन में दर्द, उबकाई और चमकीले प्रकाशों से चिढ़ महसूस हो सकती है। यह पर्याप्त रूप से इतना तीव्र हो सकता है कि यह आपको सामान्य कार्यकलाप करने से रोक सकता है।

सीधे लेटे रहना और दर्द में राहत पहुँचाने वाली सामान्य दवाएं (जैसे पैरासिटामोल और इबुप्रोफेन) लेना सहायक हो सकता है। हो सकता है कि आपको इन दोनों दर्दनाशक दवाओं को लेने और नियमित रूप से हर 6 घंटों के बाद लेने की ज़रूरत पड़े। आपको बड़ी मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए और किसी चीज़ को उठाने या परिश्रम करने से बचना चाहिए। यदि सिर दर्द तीव्र है या 24 घंटों के बाद इसमें सुधार नहीं होता है, तो आपको डॉक्टरी सलाह लेनी चाहिए। आपको भर्ती करने की ज़रूरत पड़ सकती है और आपकी पीठ में इंजेक्शन लगाकर उपचार करने की आवश्यकता हो सकती है।

# नस को नुकसान पहुँचना

बच्चे को जन्म देने के बाद नस को मामूली नुकसान पहुँचने के परिणामस्वरूप सुन्न या चुभने के अहसास वाले चकत्ते होना सामान्य बात है। ऐसा दृढ़तानिका के ऊपर के भाग या रीढ़ संबंधी सुन्न करने वाली दवा के कारण हो सकता है लेकिन ऐसा प्रायः प्रसव के दौरान शिशुओं के सिर द्वारा नसों पर पड़ने वाले दबाव, चूषण या चिमटी से कराए गए प्रसव से दबाव या तरल के शरीर में रह जाने के कारण अधिक होता है। यह प्रायः 6 महीनों के भीतर पूरी तरह ठीक हो जाता है, लेकिन हो सकता है कि कभी-कभी यह पूरी तरह ठीक न हो।

स्थाई रूप से असमर्थ करने वाला नस का नुकसान गंभीर लेकिन दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में ट्यूब डलवाने/रीढ़ में इंजेक्शन लगवाने के बाद बहुत दुर्लभ जटिलता भी है। यह अक्सर रीढ़ के भीतर रक्तस्राव के संक्रमण (इन्फेक्शन) के कारण होता है।

## संक्रमण

बहुत ही दुर्लभ मामलों में वहाँ कोई संक्रमण उत्पन्न हो सकता है जहाँ दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में ट्यूब डाली गई थी/रीढ़ में इंजेक्शन लगाया गया था। ऐसा त्वचा की सतह पर या मेरुरज्जु और नसों के समीप अधिक गहरे स्थान में हो सकता है। यह संक्रमण रीढ़ के भीतर फोड़े के रूप में विकसित हो सकता है जो मेरुरज्जु और नसों को दबा सकता है और नुकसान पहुँचा सकता है। इसके लिए तुरंत एंटीबायोटिक्स दवाओं से उपचार और कभी-कभी सर्जरी की ज़रूरत पड़ती है।

## रक्तस्राव

रीढ़ के भीतर रक्तस्राव से रक्त एकत्र हो सकता है जिसे एपिड्यूरल/स्पाइनल हीमाटोमा कहा जाता है। यह मेरुरज्जु और नसों पर दबाव डाल सकता है और इससे नुकसान पहुँच सकता है। यह दशा बहुत दुर्लभ है; फिर भी मेरुरज्जु और नसों पर दबाव को हटाने के लिए तुरंत सर्जरी की ज़रूरत हो सकती है।

# घर में किस बात का ध्यान रखना है

जब आपको छुट्टी दे दी जाए और आप घर पहुँच गई हों, तो यह महत्वपूर्ण है कि आपको उन लक्षणों की जानकारी हो जो यह संकेत करते हैं कि दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में ट्यूब डालने/रीढ़ में इंजेक्शन से कोई जटिलता हो सकती है।

इनमें शामिल हैं:

# अधिक जानकारी:

दृढ़तानिका के ऊपर के भाग में ट्यूब डालने/रीढ़ में इंजेक्शन के बारे में अतिरिक्त सूचना रॉयल कॉलेज ऑफ एनेस्थेसिस्ट्स की वेबसाइट www.rcoa.ac.uk पर 'information for patients' (रोगियों के लिए सूचना) के नीचे उपलब्ध है।

**This leaflet can be made available in large print, audio version and in other languages, please call 0800 073 0510.**

للحصول على هذه النشرة بحجم أكبر، وعلى شكل إصدار صوتي و بلغات أخرى، الرجاء الاتصال بالرقم 08000730510.

此宣传单可提供大字版本、音频版本和其它语言版本，请拨打电话：0800 073 0510。

Ulotka dostępna jest również w dużym druku, wersji audio lub w innym języku. W tym celu zadzwoń pod numer 0800 073 0510.

ਇਹ ਪਰਚਾ ਵੱਡੇ ਅੱਖਰਾਂ, ਬੋਲ ਕੇ ਰੀਕਾਰਡ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਅਤੇ ਦੂਸਰੀਆਂ ਭਾਸ਼ਾਵਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ, 0800 073 0510 ਤੇ ਫੋਨ ਕਰੋ ਜੀ।

Aceasta brosura poate fi pusa la dispozitie tiparita cu caractere mari, versiune audio sau in alte limbi, pentru acest lucru va rugam sunati la 0800 073 0510.

یہ کتابچہ آپ کو بڑے حروف کی لکھائی ، سمعی صورت اور دیگر زبانوں میں مہیا کیا جا سکتا ہے۔برائے مہربانی فون نمبر 08000730510پر رابطہ کریں۔

Originator: Dr C Brennan. Date originated: January 2018. Date reviewed: September 2021. Next review due: June 2024. Version: 4. DGH ref: DGH/PIL/00488.